APP-A
Crim-1

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम कोटा

अयोध्या बाई बनाम राजस्थान

किस्म मुकदमा L.R.Act-136 नं. 109 सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
20/9/25	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत मण्डाना में प्रार्थी अयोध्या बाई की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम मण्डाना पटवार हल्का मण्डाना में स्थित भूमि खाता संख्या 37 में प्रार्थी के हिस्से पर रहन बडौदा राज0 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक दर्ज है। परन्तु वर्तमान में उक्त बैंक का नाम परिवर्तित होकर राजस्थान ग्रामीण बैंक हो चुका है। अतः खाता संख्या 37 में बडौदा राज0 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के स्थान पर राजस्थान ग्रामीण बैंक किया जावे। प्रार्थना पत्र के सम्बंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा बडौदा राज0 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के स्थान पर राजस्थान ग्रामीण बैंक किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम मण्डाना पटवार हल्का मण्डाना में स्थित भूमि खाता संख्या 37 में रहन बडौदा राज0 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के स्थान पर राजस्थान ग्रामीण बैंक दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिंनाकः 20.09.2025 को मेरे द्वारा लिखा जाकर ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत मण्डाना में सुनाया गया। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा उपखण्ड अधिकारी कोटा	